आदेश की क्रम सं0 और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी और तारीख सहित
1	2	3

न्यायालय अन्तर्गत अनुमण्डल पदाधिकारी,राजमहल।
पी0ए0 वाद सं0– 12/2018–19
आवेदक– देवदास मालतो
बनाम
16 आना रैयत, मौजा– देवना
आदेश

19.7.19

आवेदक के द्वारा दिनांक 07.08.2018 को आवेदन दाखिल कर मौजा देवना के रिक्त प्रधानी पद पर नियुक्त करने का अनुरोध किया है। दाखिल आवेदन पत्र की जाँच हेतु अंचल अधिकारी, तालझारी को आवेदन पत्र की छाया प्रति भेजी गयी एवं 16 आना रैयतों से अनापत्ति आमंत्रित हेतु को विधिवत नोटिस निर्गत किया गया।

नोटिस तामिला प्राप्ति के पश्चात आवेदक के द्वारा आवेदन दाखिल कर मौजा देवना के प्रधान पद पर नियुक्ति हेतु अनुरोध किये है। पूर्व प्रधान स्व0 सुरजा प्रधान की मृत्यू दिनांक 14.06.2018 को हो गई है। पूर्व प्रधान की मृत्यू के पश्चात ग्रामीणों को प्रधानी कार्य एवं अन्य कार्यों में असुविधा हो रहीं है। जिसके कारण मौजा के 16 आना रैयतों द्वारा आम सभा दिनांक 24.06.2018 को कर सर्व सम्मति से आवेदक देवदास मालतों को ग्राम प्रधान के पद पर नियुक्ति हेतु प्रस्ताव पारित किये हैं। मौजा के 16 आना रैयतों को भी आवेदक देवदास मालतो के प्रधान पद पर नियुक्ति से कोई आपत्ति नहीं है।

अंचल अधिकारी, तालझारी के पत्रांक 307/रा0, दिनांक 02.05.2019 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त। अंचल अधिकारी, तालझारी ने अपने जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किये हैं कि मौजा देवना पहाड का नियुक्त प्रधान सुरजा पहाडिया की मृत्यू दिनांक 14.06.2018 को हो गई है। आवेदक जमाबंदी रैयत सुरजा मांझी का छरपोता है एवं सुरजा पहाडिया का पुत्र है। आवेदक जमाबंदी रैयत के वंशज से आते हैं एवं मृत प्रधान का ज्येष्ठ पुत्र है। आवेदक प्रधानी कार्य में सक्षम है तथा मौजा के 16 आना रैयत भी आवेदक देवदास मालतो को प्रधान के रूप में बहाल करना चाहते हैं।

अतएव अंचल अधिकारी, तालझारी के जाँच प्रतिवेदन एवं मौजा के 16 आना रैयतों की सहमति से आवेदक देवदास मालतो को संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत प्रधान के पद पर नियुक्ति किया जाता है। कबुलियत दाखिल करें। तत्पश्चात पट्टा निर्गत किया जायेगा।

आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, तालझारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजें।

लेखापित एवं संशोधित।

अनुमंडल पदाधिकारी
राजमहल

अनुमंडल पदाधिकारी,
राजमहल

ज्ञापांक 308/ LR
दिनांक 23.7.19

Scanned with CamScanner